# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 16.11.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण,आज, हिन्दुस्तान,जनसंदेश टाइम्स,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 16.11.2025

# पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखकर कराएं विकास कार्य



हरहुआ स्थित उंदी ताल मे प्रस्तावित योजना के बारे मे जानकारी लेते वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा • स्रोत, वीडीए

जागरण संवाददाता, वाराणसी : हरहुआ स्थित उंदी ताल में प्रस्तावित इको टूरिस्ट स्पाट (सिटी फारेस्ट) के विभागीय विकास कार्य को देखने शनिवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा पहुंचे। उपाध्यक्ष ने पहले से कराए गए कार्यों के बारे में पूछने के साथ भेजे गए प्रस्ताव के बारे में अभियंताओं से चर्चा की।

कहा कि विकास कार्य पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखकर कराया जाए। वहीं, वीडीए ने उंदी ताल में सुंदरीकरण कराने को लेकर करीब 30 करोड़ रुपये की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाकर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को भेजी है। हालांकि, शासन ने सैद्धांतिक मंजूरी देते हुए जल्द ही बजट जारी करने को कहा है। उंदी ताल पर वीडीए ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में काम कर रहा है। अपने निधि से काफी हद तक काम भी करा चुका है। उंदी ताल पर आसपास के लोगों का कब्जा था। जिला प्रशासन से उंदी ताल और आसपास की 78.5 एकड़ जमीन लेने के साथ वीडीए ने काफी मशक्कत कर कब्जा लिया था।

## दैनिक जागरण–दि0 16.11.2025



## आज–दि0 16.11.2025

### विप्रा उपाध्यक्ष ने शिवपुर मिनी स्टेडियम पर चल रहे कार्य का किया औचक निरीक्षण

विप्रा उपाध्यक्ष ने शनिवार को शिवपुर मिनी स्टेडियम के निर्माण कार्य को देखा जिसमें बहुउददेश्यीय खेल एवं सामुदायिक सुविधाएं प्रस्तावित है। जैसे- हाकी, फुटबाल, प्ले फील्ड, बालीबाल कोर्ट, इंडोर गेम, चेंजिंग रूम, योगा पवेलियन, ओपन जिम, क्रिकेट प्रैक्टिस नेट के अलावा तीन मीटर का वाकिंग टैंक एवं बच्चों के लिए पवेलियन और कैंटीन की सुविधाएं होनी हैं। इस दौरान ठेकेदार और अभियंता ने उपाध्यक्ष को निर्माण कार्यों के विषयम में बताया हालांकि उपाध्यक्ष ने कार्य धीमा होने पर नाराजगी भी जतायी। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले आवश्यक कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए। उन्होंने इस परियोजना में खर्च हो रहे ६.११ करोड़ के राशि से अब तक क्या-क्या चीजें हुई उसकी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बताया कि स्थानीय खेल अवसंरचना को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जायेगा। इसमें कार्य कर रहे लोग गुणवत्ता और समय का पूर्ण पालन करें।



## हिन्दुस्तान–दि0 16.11.2025

### अगले मानसून से पहले पूरा करें स्टेडियम का काम

**वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता।** वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने शनिवार को शिवपुर मिनी स्टेडियम में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उपाध्यक्ष ने निर्माण अत्यंत धीमी गति से चलने पर नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में तेज़ी लाई जाए तथा सम्पूर्ण स्टेडियम का निर्माण अगले वर्ष मानसून सत्र से पूरा किया जाए। उपाध्यक्ष ने स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों से भी संवाद किया। उनकी आवश्यकताओं तथा खेल संबंधी अपेक्षाओं को समझा और आश्वस्त किया कि स्टेडियम को आधुनिक, सुरक्षित एवं सभी आयु वर्गों के खिलाड़ियों के अनुकूल बनाया जाएगा। परियोजना लगभग 6.11 करोड़ की लागत से विकसित की जा रही है, जिसमें बहुउद्देश्यीय खेल एवं सामुदायिक सुविधाएँ प्रस्तावित हैं, जैसे फुटबॉल एवं हॉकी प्लेफील्ड, वॉलीबॉल कोर्ट, इनडोर गेम हॉल एवं चेंजिंग रूम, योगा पविलियन, ओपन जिम, क्रिकेट प्रैक्टिस नेट्स, 3 मीटर चौड़ा पक्का एवं कच्चा वॉकिंग ट्रैक, बच्चों का खेल क्षेत्र एवं वरिष्ठ नागरिक क्षेत्र, सिटिंग पविलियन, कैंटीन बनेगी।



वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया।

### वीडीए उपाध्यक्ष ने किया उंदी ताल का निरीक्षण

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने शनिवार को उंदी ताल के प्रस्तावित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह परियोजना प्राकृतिक वेटलैंड गतिविधियों, जल पुनर्भरण और जल गुणवत्ता सुधार को संरक्षित करेगा। आने वाले समय में इस क्षेत्र को इको-टूरिज्म के रूप में विकसित किया जाएगा।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जनसंदेश टाइम्स–दि0 16.11.2025

# उदी ताल के विकास कार्य से मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा

### वीडीए उपाध्यक्ष ने किया स्थलीय निरीक्षण, देखी व्यवस्था

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** उदी ताल के विकास कार्य से जहां जल्द पर्यटन को बढावा मिलेंगा,वही पर्यावरण संरक्षण और जल.प्रबंधन का विशेष ध्यान रखकर इसका निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा शनिवार को प्रस्तावित विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया और व्यवस्था देखा। राजस्व अभिलेखों में 28.43 हेक्टेयर के विस्तृत वेटलैंड के रूप में दर्ज विकास पर्यावरण संरक्षणऔरजल.प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र में यह निर्माण भविष्य में पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने संपूर्ण वेटलैंड पारिस्थितिकी को संरक्षित रखते हुए आधारित विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह परियोजना न केवल प्राकृतिक वेटलैंड गतिविधियो



विविधता, जल पुनर्भरण, जल गुणवत्ता सुधार को संरक्षित करेगा। बल्कि आने वाले समय में इस क्षेत्र को प्रमुख इको-टूरिज्म गंतव्य के रूप में भी विकसित भी किया जाएगा। वीडीए उपाध्यक्ष ने परियोजनाओं को आगे बढ़ने से पहले पर्यावरण संरक्षण, जल-प्रबंधन और पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन से जुड़े विशेषज्ञों की अंतिम रूप से नियुक्ति की जाने तथा सभी तकनीकी पहलुओं को वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि परियोजना को सतत, पर्यावरण-अनुकूल एवं पर्यटन.उन्मुख विकास माडल के रूप में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे स्थानीय समुदाय को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होंगे। इस अवसर पर संबंधित वास्तुविद, अभियंता तथा तकनीकी विशेषज्ञ आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 16.11.2025

# वीडीए उपाध्यक्ष ने शिवपुर मिनी स्टेडियम का किया निरीक्षण

**लिया हाल**

**दिया तेजी से निर्माण कार्य कराए जाने का निर्देश**

**खिलाड़ियों से किया संवाद, परेशानी पूछी**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा जहां शनिवार को शिवपुर मिनी स्टेडियम पहुंचे और निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया,वही खिलाड़ियो से संवाद कर तेजी से निर्माण कार्य कराए जाने का निर्देश दिया। 6.11 करोड़ की लागत से विकसित की जा रही बहुउद्देश्यीय खेल एवं सामुदायिक सुविधाएं देने वाले इस स्टेडियम में हर प्रकार के



खेल की सुविधा हैं। जिसमें फुटबाल, हाकी प्लेफील्ड खेलने की जहां व्यवस्था हैं,वही वालीवाल कोर्ट, इनडोर गेम हाल एवं चेंजिंग रूम और योगा की विशेष सुविधा है।

जहां पविलियन, ओपन जिम, क्रिकेट प्रैक्टिस नेट्स,तीन मीटर चौड़ा पक्का एवं कच्चा वाकिंग ट्रैक के साथ बच्चों का खेल एवं वरिष्ठ नागरिको के लिए सिटिंग पविलियन, कैंटीन की सुविधाएं हैं।

इस दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने अत्यंत धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य पर जहां नाराजगी जाहिर की,वही कार्य में तेजी लाए जाने और सम्पूर्ण स्टेडियम का निर्माण अगले वर्ष मानसून सत्र से पहले हर हाल में पूरा किए जाने का निर्देश दिया। वीडीए उपाध्यक्ष ने मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों एवं खिलाड़ियों से भी संवाद किया। इस दौरान उन्होंने उनकी आवश्यकताओं और खेल संबंधी अपेक्षाओं को समझा तथा लोगों को आश्वस्त किया कि स्टेडियम को आधुनिक,सुरक्षित एवं सभी आयु वर्गो के खिलाड़ियों के अनुकूल बनाया जाएगा।

वीडीए उपाध्यक्ष ने इस परियोजना को वाराणसी के स्थानीय खेल अवसंरचना को मजबूत करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसके सभी कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनरूप किए जाने और समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अभियंता,वास्तुविद और ठेकेदार आदि लोग उपस्थित रहे।